Ans. (b) : भोराट के पठार का विस्तार राजस्थान के राजसमंद व उदयपुर जिलों में है। यह पठार राजसमंद जिले के कुम्भलगढ़ से लेकर उदयपुर के गोगुंदा तक फैला है। राज्य के अन्य प्रमुख पठार है-आबू का पठार-उड़िया का पठार, मेसा का पठार आदि।

72. गोगुन्दा व कुम्भलगढ़ के मध्य कौन-सा पठार स्थित है?

(a) उड़िया (b) आबू
(c) मेसा (d) भोराट

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

73. राजस्थान में वह जिला जिसके मुख्यालय का नाम उस जिले के नाम से भिन्न है?

(a) राजसमन्द (b) प्रतापगढ़
(c) पाली (d) डुगरपुर

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (*) : दिये गये प्रश्न में राजस्थान के जिले और उनके मुख्यालय समान है।

74. विन्ध्यन कगार किस प्रकार की चट्टानों से निर्मित है?

(a) बेसाल्ट (b) क्वार्टज़ाइट
(c) बालुका पत्थर (d) ग्रेनाइट

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (c) : विध्यन कगार/ढलान बालुका पत्थर प्रकार की चट्टानों से निर्मित है। विध्यन श्रेणी का पश्चिमी छोर गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य की सीमा पहाड़ियों, पर्वत श्रृंखलाओं उच्च भूमियों और पठारी ढलानों की एक जटिल और असंतुलित श्रृंखला है। यह अधिकांशतः बालुका पत्थरों से निर्मित है।

75. निम्नलिखित में से कौन-सा (संरक्षित क्षेत्र-जिला) सुमेलित नहीं है?

(a) फुलवारी की नाल-राजसमंद (b) केसर बाग-धौलपुर
(c) बस्सी-चित्तौड़गढ़ (d) शेरगढ़-बारां

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (a) : राजस्थान के संरक्षित क्षेत्र और संबंधित जिले/स्थान का सही सुमेलन इस प्रकार है-

संरक्षित क्षेत्र	जिला/स्थान
(a) फुलवारी की नाल	उदयपुर
(b) केसरबाग	धौलपुर
(c) बस्सी	चित्तौड़गढ़
(d) शेरगढ़	बारां

76. चन्द्रकार बालुका स्तूपों को कहा जाता है-

(a) सीफ (b) बरखान
(c) लुनेट (d) शब्र-काफीज

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) : चन्द्रकार बालुका स्तूपों को बरखान कहा जाता है। जो मुख्य रूप से एक दिशा से हवा के क्रिया द्वारा निर्मित होते हैं। सबसे आम प्रकार के टीलों में से एक, यह दुनिया भर के रेतीले रेगिस्तान में बनते रहते हैं। अर्द्ध चन्द्रकार बालुका स्तूप वायु अपरदन और निक्षेपण के परिणामस्वरूप, हवा के साथ उत्तरोत्तर गति करते रहते हैं। बरखान आमतौर पर टिब्बा के अलग-अलग समूहों में और चेम के रूप में पाये जाते हैं जो हवा की ओर मैदान में फैले होते हैं।

77. 'बरखान' स्थलाकृति निम्न में से किस भौतिक विभाग से संबद्ध है?

(a) पर्वतीय प्रदेश (b) पठारी प्रदेश
(c) मैदानी प्रदेश (d) मरुस्थली प्रदेश

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (d) उपर्यूक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

78. निम्नलिखित में से किसको अर्द्ध चन्द्राकार बालुका स्तूप कहते हैं?

(a) अर्ग (b) बरखान
(c) सीफ (d) अनुप्रस्थ

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) उपर्यूक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

79. छप्पन का मैदान भाग है-

(a) माही बेसिन का (b) बनास बेसिन का
(c) चम्बल बेसिन का (d) लूनी बेसिन का

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (a) : छप्पन का मैदान माही नदी बेसिन में स्थित है। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा के बीच के भाग में छप्पन ग्राम समूह स्थित है। इसलिए इस भू-भाग को छप्पन का मैदान कहा जाता है। इसकी औसत ऊँचाई 200 से 400 मी है तथा औसत वर्षा 100 सेमी. होती है। यह डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर तथा प्रतापगढ़ के कुछ भागों पर विस्तृत है तथा इसका प्रवाह अरब सागर की ओर भी है। यह मैदान बंजर भूमि की घाटियों का क्षेत्र है। यह मैदान चम्बल बेसिन, बनास तथा मध्य माही बेसिन जैसे तीन भागों में विभाजित किया गया है।

80. ''छप्पन मैदान'' है–

(a) उत्तर पूर्वी राजस्थान (b) पश्चिमी राजस्थान
(c) दक्षिणी राजस्थान (d) पूर्वी राजस्थान

Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

81. छप्पन के मैदान अवस्थित हैं–

(a) प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा (b) डूंगरपुर और उदयपुर
(c) कोटा और बारां (d) सिरोही

House Keeper 2022_09.07.2022
Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016
RPSC RAS/RTS 2009
JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

82. 'छप्पन मैदान' का सम्बन्ध निम्न में से किस एक नदी से है?

(a) ब्यास (b) साबरमती
(c) माही (d) चम्बल

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)